>

Title: Need to address the problem of water-logging in underpass near Chitrasani railway station under Palanpur Tehsil in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के पालनपुर तहसील के चित्रासिणी रेलवे स्टेशन के पास अंडर ब्रिज की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस अंडर ब्रिज में बरसात के दौरान पानी भर जाता है और पानी भरने पर इस अंडर ब्रिज से वाहनों की आवाजाही बंद हो जाती है और लोग पुल के आरपार नहीं जा पाते हैं। इस संबंध में रेलवे प्रशासन को बताया गया, परंतु प्रशासन ने इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। लगता है अंडर ब्रिज बनाने में कोताही बरती गई है, जिसके कारण पानी निकालने के उपकरण नहीं लगाए गए और डिजाइन में चूक के कारण बरसात का पानी पुल के अंदर चला जाता है और पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त अंडर ब्रिज में जो पानी भर जाता है, उसको निकालने हेतु जल्द कार्यवाही की जाए।